महत्वपूर्ण एवं खास

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष 7 मार्च को छत्तीसगढ़ दौरे पर

रायपुर (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव के चलते भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह 7 मार्च को छत्तीसगढ़ दौरे पर आयेंगे। वहीं कलस्टर के 4 लोकसभा राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर और महासमुंद में एक बड़ा सम्मेलन होगा। इन सबके बीच बिलासपुर में भी एक बड़ा सम्मेलन की तैयारी चल रही है, जिसमें गृहमंत्री राजनाथ सिंह शिरकत करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह अब मैराथन बैठकों और दौरे का सिलसिला शुरू करने जा रहे हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह बस्तर और कांकेर में कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे।

पुरानी रंजिश के चलते युवक की पिटाई,रिपोर्ट दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज कर मारपीट का डण्डे से मारकर घायल करने की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार लाल गंगा काम्प्लेक्स पेंशनबाड़ा निवासी प्रशान्त उर्फ सिब्बु यदू पिता स्व.लक्ष्मीकांत यदू ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि पेंशन बाड़ा में सुलभ शौचालय के पास लाला यादव व कुबेर साहू एवं सुभम बंगाली ने पुरानी रंजित के चलते गाली-गलौज करते हुये मारपीट कर डण्डा से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294,506बी,323,34 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

गुप्ती दिखाकर लोगों को आतंकित कर रहा युवक गिरफ्तार

रायपुर(आरएनएस)। गुप्ती दिखाकर लोगों को डरा धमका रहा युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार सिविल लाईन गांधीनगर पण्डरी निवासी रेमण्ड सेन उर्फ खडा राजू 36 वर्ष पिता संतोष सेन को गुरुवार को गांधीनगर पण्डरी शिव मंदिर के पास गुप्ती दिखाकर लोगों को डरा धमका रहा था किसी ने इसकी सूचना सिविल लाईन थाने में दिया,पुलिस ने आरोपी को घटना स्थल पर गुप्ती लेकर घुमते पाये जाने पर गिरफ्तार कर उसके पास से गुप्ती जप्त किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 25,27 आमर्स एक्ट के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज किया है।

प्रीमियम राशि न पटाने वाली 5 दुकानें हुई सील

जगदलपुर (आरएनएस)। प्रीमियम की राशि का भुगतान नहीं करने के कारण नगर निगम की राजस्व टीम ने संजय बाजार में चिकन की 5 दुकानें सील कर दी हैं। कुल 8 व्यवसायियों को नीलामी के तहत दुकान आवंटित की गई थीं। इन्हें हर महीने प्रीमियम जमा करने कहा गया था। व्यवसायियों के प्रीमियम जमा नहीं करने पर 2 फरवरी को नोटिस जारी की गई थी, जिसके बाद तीन ने भुगतान किया। कार्रवाई में प्रभारी राजस्व अधिकारी राकेश यादव, आशीष कोर्राम, दिनेश सिंह समेत अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

ट्रक की ठोकर से दो बाईक सवारों की मौत

कोंडागांव (आरएनएस)। राजधानी रायपुर से एरला जा रही ट्रक ने एरला के निकट बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे मौके पर ही बाइक सवार नरसिंह मानिकपुरी 32 व रतिराम मंडावी 33 वर्ष की मौत हो गई। माकड़ी पुलिस के मुताबिक ट्रक में नंबर अंकित नहीं था वहीं ट्रक रायपुर से एरला की ओर जा रही थी। तभी यह दुर्घटना हो गई। पुलिसे विवेचना में जुटी हुई है।

नक्सलियों ने कहा पुलिस ग्रामीणों से पैसे लूटती है, आईजी ने कहा उल्टा चोर कोतवाल को डांटे

बीजापुर (आरएनएस)। नक्सलियों ने एक बार फिर सुरक्षाबलों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। नक्सलियों के जगरगुंडा एरिया कमेटी ने पर्चे फेंक आरोप लगाए हैं कि, बीजापुर के जंगलों में जवान ऑपरेशन के दौरान ग्रामीणों से मारपीट करते हैं और उनसे पैसे लूटते हैं। नक्सलियों ने बाकायदा ग्रामीणों के नाम लिख उनसे लूटी गई रकम का जिक्र किया है। हालांकि बस्तर आईजी ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि, सभी जानते हैं कि लुटेरा कौन है। नक्सली सालों से ग्रामीणों से लूटपाट करते आये हैं, वो कभी ग्रामीणों से पैसे लूटते हैं तो कभी चावल। जवानों पर आरोप लगाना उनके प्रोपोगंडा का हिस्सा है।

प्रदेश में स्वाइन फ्लू से मौतों का मामला उठा

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा-स्वाइन फ्लू से बचाव के लिए सभी संभव उपाय एवं उपचार हेतु अस्पतालों में पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध है

रायपुर (आरएनएस)। विधानसभा में आज फिर स्वाइन फ्लू से प्रदेश में हुई मौतों का मामला उठा। इस मामले में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि शासन द्वारा स्वाईन फ्लू से बचाव के लिए सभी संभव उपाय किए जा रहे हैं जिसके अंतर्गत प्रदेश में प्रदेश में स्वाईन फ्लू के मरीजों के निदान एवं उपचार के लिए शासकीय अस्पतालों में पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध है।

भाजपा सदस्य अजय चंद्राकर, शिवरतन शर्मा एवं कुंवर सिंह निषाद ने ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से यह मामला उठाते हुए सरकार पर आरोप लगाया कि स्वाइन फ्लू को

लेकर शासन द्वारा किसी प्रकार की तैयारी नहीं की गई है, जिसके चलते प्रदेश में इस बीमारी से मरने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस बीमारी की रोकथाम व उपचार आदि हेतु शासन-प्रशासन उदासीन है। इसके जवाब में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह सही नहीं है कि नज-सामान्य में स्वाईन फ्लूय के बारे में जागरुकता लाने हेतु किसी प्रकार की तैयारी नहीं की गई है। अपितु प्रदेश की जनता में स्वाईन फ्लू के प्रति जागरुकता के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अनेक प्यास किये गये है। जिसके अंतर्गत स्वाईन फ्लू के बचाव में रोकथाम हेतु राज्य के समाचार पत्रों में एक चौथाई पृष्ठ पर नियमित रूप से विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। स्वाईन फ्लू से संबंधित प्रचार-प्रसार प्रदेश के प्रमुख टी.व्ही. चैनल्स एवं रायपुर-बिलासपुर के रेडियों चैनल्स में रेडियों जिंगल के अतिरिक्त रेलवे स्टेशन के टी.व्ही. में एक माह हेतु स्वाईन फ्लूय से संबंधित जानकारी प्रसारित किया जा रहा है। स्वाईन फ्लू से बचाव एवं रोकथाम हेतु राज्य के जिला-रायपुर में 05 प्रमुख स्थानों एवं बिलासपुर में 15 स्थानों, विशेषकर जहां आम लोगों का आवागमन अधिक रहता है जैसे रेलवें स्टेशन, बस स्टैंड, माल शहर के प्रमुख चौक-चौराहे के चिन्हित कर होर्डिंक एक माह हेतु लगाये गये है। रेलवे स्टेशन, एअर पोर्ट एवं परिवहन विभाग के माध्यम से ए4 साइज, सिंगल साईड मल्टीकलर प्रिंटेड 10,000 नग स्टीकर के माध्यम से जन जागरुकता हेतु प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। बाह्य रोगी विभाग में आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों की जागरुकता हेतु बैनर एवं पोस्टर प्रदर्शित किये जा रहे है। सभी सैम्पल कलेक्शन स्थान / कक्ष पर जानकारी हेतु फ्लैक्स लगाया गया है।

उन्होंने बताया कि जिला चिकित्सालयों एवं चिकित्सा महाविद्यालय के अस्पतालों में आईसोलेशन वार्ड की व्यवस्था की गई है। प्रदेश के सभी 6 चिकित्सा महाविद्यालयों सहित संबध्द सभी चिकित्सालयों में स्वाईन फ्लू बीमारी के उपचार हेतु सभी व्यवस्थायें की गई है। सभी स्थानों पर स्वाईन फ्लू के संभावित मरीजों की जांच की व्यवस्था उपलब्ध है जिसमें जीवन रक्षक उपकरण (वेन्टीलेटर) इत्यादी उपलब्ध करा दिये गये है।

15 हजार कोटवार मुख्यमंत्री का सम्मान करेंगे सम्मेलन में 23 को

रायपुर (आरएनएस)। कोटवार एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में भूपेश बघेल मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन का सम्मान समारोह 23 फरवरी को पाटन में आयोजित किया गया है। उक्त कार्यक्रम में 15000 कोटवारों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री का संघ द्वारा सम्मान किया जाएगा उक्त कार्यक्रम में ताम्रध्वज साहू गृहमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, जयसिंह अग्रवाल राजस्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, रूद्र गुरू लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं विधायक गण उपस्थित रहेंगे उक्त प्रांतीय किसान कांग्रेस के कार्यकारी नेता नरेंद्र सिंह चंद्राकर राकेश साहू अनिल श्रीवास्तव प्रकाश शुक्ला जियाउल रशीद कोटवार संघ के प्रांत अध्यक्ष प्रेम किशोर बाघ समस्त प्रांतीय पदाधिकारी सहित प्रदेश के 15000 कोटवार उपस्थित रहेंगे उक्त अवसर पर संघ के प्रांत अध्यक्ष द्वारा मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपकर कोटवारों की 1 सूत्री मांग राजस्व विभाग का चतुर्थ वर्ग शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाए के संबंध में ज्ञापन दिया जायेगा।

स्वाईन फ्लू से वृद्ध की मौत, पत्नी रायपुर रिफर

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा शहर में स्वाईन फ्लू की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गई। उन्हें स्वाईन फ्लू पॉजीटिव होने पर रायपुर रिफर किया गया था कि अस्पताल की दहलीज पार करने से पहले दम तोड़ दिया। उनकी पत्नी की रिपोर्ट पॉजीटिव आने पर रायपुर रिफर किया गया है। पूरे परिवार को स्वाईन फ्लू की जांच कराने की सलाह दी गई है।

जानकारी के अनुसार पोड़ीबहार क्षेत्र के निवासी व डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह में कार्यरत 59 वर्षीय विद्युत कर्मी अपनी 55 वर्षीय पत्नी के साथ 8 दिन पहले विवाह समारोह में शामिल होने रायपुर गए थे। वहां से लौटने के बाद सर्दी,खांसी, बुखार की शिकायत दोनों को हुई। इन्हें तबियत बिगड़ने पर उपचार के लिए कृष्णा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के संचालक डॉ. विशाल उपाध्याय ने बताया कि स्वाईन फ्लू का अंदेशा होने पर दोनों की जांच कराई गई।

निलंबित पुलिस कर्मचारी होंगे बहाल : भूपेश बघेल

राज्य सरकार ने किसानों से किया वादा निभाया

रायपुर (आरएनएस)। प्रजातंत्र में सबको अपनी बात रखने का हक है। जिन लोगों ने अपने अधिकार के लिए आवाज उठाई है उन पर कार्यवाही कैसे की जा सकती है।

उक्त बातें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कल राजीव भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में कही। पुलिस कर्मचारियों के परिजनों ने कल कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक बड़ा ऐलान किया और कहा कि पुलिस परिवार के आंदोलन के दौरान बर्खास्त और निलंबित किए गए कर्मचारियों की पुनः बहाली होगी। सीएम श्री बघेल ने कहा पुलिस कर्मचारियों के परिजनों को विश्वास दिलाया कि लंबित मांगों पर गंभीरता से विचार हो रहा है। ज्ञात हो कि पुलिस परिवार के लोगों ने भाजपा शासनकाल में वेतन, भत्ते, साप्ताहिक अवकाश



और अन्य सुविधाओं को लेकर अपनी आवाज बुलंद की थी। इस दौरान सोशल मीडिया में आंदोलन को लेकर प्रचार करने वाले पुलिस कर्मचारियों की पहचान कर उन्हें निलंबित किया गया था। राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद कांग्रेस सरकार ने पुलिस परिवार के आंदोलन को लेकर गंभीरता दिखाई थी।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की राशि अब 25 हजार रूपए

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा के बाद आगामी वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए लगभग 1160 करोड़ 97 लाख 59 हजार रूपए की अनुदान मांगे ध्वनिमत से पारित कर दी गई। इसमें महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए मांग संख्या 55 अंतर्गत एक हजार 72 करोड़ 85 लाख 80 हजार रूपए और समाज कल्याण विभाग के लिए मांग संख्या 34 अंतर्गत 87 करोड़ 71 लाख 79 हजार रूपए का बजट शामिल है।

अनिला भेंड़िया ने महिला एवं बाल विकास विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए विभागीय उपलब्धियों और आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के लिये वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिये कुल 2062.84 करोड़ रूपये की अनुदान मांग जिसमें मांग संख्या 55 सहित 41, 64, 80, 82 में विभागीय योजनाओं की राशि शामिल है, को पारित करने का प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया, जो वित्तीय वर्ष 2018-19 की तुलना में 6.92 प्रतिशत अधिक है।

हवा की दिशा बदलते ही चढ़ने लगा पारा

रायपुर (आरएनएस)। राज्य में आगामी चौबीस घंटों के दौरान मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहेगा। इधर हवा की दिशा में बदलाव आते ही प्रदेश भर में तापमान तेजी से बढ़ने लगा है। इसके चलते अब रात के तापमान में भी वृद्धि हो रही है। वहीं दिन में सूरज की धूप अब चुभने लगी है।



मौसम विभाग के नियमित रिपोर्ट की माने तो पश्चिमी मध्यप्रदेश और इसके आसपास के इलाकों में ऊपरी हवा में बना चक्रवात कमजोर हो गया है। इसके चलते इस सिस्टम का अब कोई खास फर्क प्रदेश के मौसम पर नहीं पड़ेगा। इसके अलावा प्रदेश के दक्षिणी इलाकों में कम ऊंचाई पर नमीयुक्त हवा आने का क्रम बना हुआ है। इसके असर से आने वाले 48 घंटों के बाद प्रदेश के दक्षिणी इलाकों में एक-दो स्थानों पर तेज आंधी-तूफान चलने अथवा गरज-चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी के आसार बन रहे हैं। वहीं दूसरी ओर प्रदेश के शेष इलाकों में मौसम का मिजाज अब शुष्क हो रहा है। हवा की दिशा में बदलाव आते ही राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के लगभग सभी प्रमुख शहरों में तापमान तेजी से बढ़ने लगा है। दिन में जहां सूरज की धूप अब असहनीय हो गई है तो वहीं न्यूनतम तापमान में लगातार हो रहे इजाफा से अब रात में भी गर्मी बढ़ने लगी है। राजधानी रायपुर में अधिकतम तापमान का आंकड़ा अभी से ही 34 डिग्री के पार हो गया है। ऐसे में इस वर्ष भीषण गर्मी के आसार अभी से दिख रहे हैं। राजधानी रायपुर में आज न्यूनतम तापमान का आंकड़ा भी 20 डिग्री के पार जाकर 22.2 डिग्री रिकार्ड किया गया है। इसी तरह अंबिकापुर में 17.0 डिग्री न्यूनतम तापमान रिकार्ड किया गया है।

बस्तर में गेहूं और मूंगफली की उपज लेने रूचि बढ़ी किसानों की

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर में सिंचाई के सुविधाओं के विस्तार के साथ ही और सोलर पंप लगने के बाद किसानों की रूचि अब गेहूं और मूंगफली की उपज लेने में बढ़ रही है। इसी का परिणाम है कि जहां मूंगफली की खेती वर्तमान में 560 हेक्टेयर और गेहूं का उपज क्षेत्र 1750 हेक्टेयर हो गया है। अब किसानों को उम्मीद है कि मौसम के अनुकूल होने से उनकी खेतों में पैदावार भी बढ़ेगी। जानकारी के अनुसार इस साल बस्तर जिले में गेहूं की खेती 1500 और मूंगफली की खेती 100 हेक्टेयर का लक्ष्य रखा गया था। जो समय से पहले ही पूरा कर लिया गया है।



उल्लेखनीय है कि बस्तर जिले में पूर्व में रबी की मुख्य फसलों में मक्का, सरसो ,राई और अन्य तिल आदि को प्रमुख उपज में गिना जाता था। आज भी यहीं स्थिति है लेकिन अब बस्तर के किसान गेहूं और मूंगफली की खेती की ओर भी इससे होने वाले लाभ से आकर्षित हो रहे है और इसकी खेती बड़े पैमाने पर करने लगे है।

मुखबिरी के संदेह में ग्रामीण की नक्सली हत्या

कोंडागांव (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में नक्सलियों ने बीती रात एक ग्रामीण नीलराम यादव की धारदार हथियार से गला रेतकर निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी। नक्सलियों को शक था कि नीलराम उनकी गतिविधियों की सूचनाएं पुलिस तक पहुंचाता है। पुलिस सूत्रों के अनुसार नक्सलियों ने कोंडागांव जिले के कुधुर गांव निवासी नीलराम यादव का गांव से अपहरण किया और उसे जनअदालत में पेश किया गया, फिर उसी जनअदालत में उसे मौत के घाट उतार दिया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

कोल्ड ड्रिंक्स पीने की आदत दे सकती है कैंसर जैसी 6 बीमारियां

अकसर हमारे साथ ऐसा होता है कि हमें प्यास तो लगती है लेकिन हम पानी नहीं पीना चाहते। हम ठंडा, सनसनाहट भरा कुछ मीठा पीना चाहते हैं। दिमाग में फौरन आता है कोल्ड ड्रिंक। जूस, पानी या छाछ की जगह हमें कोल्ड ड्रिंक ज्यादा पसंद आता है। जो लोग कैलरी को लेकर सजग होते हैं वे डायट कोक पीते हैं। पर क्या आप जानते हैं कि साधारण कोल्ड ड्रिंक हो या डायट सॉफ्ट ड्रिंक दोनों ही आपकी सेहत को बराबर नुकसान पहुंचाते हैं और कम से कम छह बीमारियों के लिए जिम्मेदार हैं:

कैंसर का जोखिम- कोल्ड ड्रिंक्स में कोला वाला कलर लाने के लिए कैरमेल कलरिंग की जाती है। इसके लिए इसमें कई अमोनियम कंपाउंड्स मिलाए जाते हैं। सॉफ्ट ड्रिंक बनाने की प्रक्रिया में अमोनियम कंपाउंड्स, सल्फाइट्स और चीनी रिएक्ट करके मेथिलिमिडजल और 2-मेथिलिमिडजल बनाते हैं। **हार्ट अटैक-** हाल ही में हुई एक स्टडी में पता चला है कि जो महिलाएं एक सप्ताह में दो या दो से ज्यादा डायट सोडा पीती हैं उन्हें उन महिलाओं की तुलना में हार्ट अटैक का खतरा दो गुना होता है जो इनसे दूर रहती हैं।

फैटी लिवर डिजीज- कोल्ड ड्रिंक में बहुत अधिक मात्रा में चीनी मौजूद होती है। यह हमारे लिवर में जाकर जमा होती है। इससे फैटी लिवर डिजीज होने का जोखिम बढ़ जाता है। **टाइप 2 डायबीटीज-** चीनी की बहुत अधिक मात्रा को शरीर में समायोजित करने के लिए अधिक इंसुलिन की जरूरत होती है। कोल्ड ड्रिंक्स पीने से भविष्य में टाइप 2 डायबीटीज होने का खतरा बहुत बढ़ जाता है।

दांतों को नुकसान - अधिक चीनी होने से शरीर में एसिड लेवल बढ़ जाता है। इसकी वजह से दांतों में कैविटी होने की आशंका भी ज्यादा हो जाती है।

सिरदर्द और माइग्रेन - डायट सोडा में मौजूद आर्टिफिशल स्वीटनर्स से सिरदर्द और माइग्रेन की समस्या होती है। ऐसी कई रिसर्च हैं जिनमें सिरदर्द और आर्टिफिशल स्वीटनर्स के बीच के संबंध को स्थापित किया गया है।

दुखी होने पर सलमान खान के इस गाने पर डांस करती हैं कटरीना कैफ

कटरीना कैफ इस वक्त सलमान खान के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म भारत की शूटिंग में बिजी हैं। हाल ही में उन्होंने एक ऐसी चीज के बारे में बताया जो करीना कपूर के पास है और वह पाना चाहती हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि दुखी होने पर वह सलमान के एक गाने पर डांस करती हैं।

कटरीना ने बताया कि वह अपना मेटाबॉलिजम चेंज करना चाहती हैं ताकि उन्हें जिम न जाना पड़े। इसके साथ वह अपनी आंखों का रंग बदलकर करीना की तरह ग्रीन या ब्लू करना चाहती हैं। इसके अलावा कटरीना ने अपने फेवरिट डांस मूव के बारे में भी बताया। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म प्यार किया तो डरना क्या के गाने ओ ओ जाने जाना में सलमान खान के डांस स्टेप्स उन्हें पसंद हैं। कटरीना ने बताया कि जब वह दुखी होती हैं तो सलमान खान के इसी गाने पर डांस करती हैं। वर्क फ्रंट पर बात करें तो कटरीना अब्बास जफर की फिल्म भारत में नजर आएंगी।

सोनम कपूर ने शेयर की श्रीदेवी से जुड़ी प्यारी याद

ऐक्ट्रेस श्रीदेवी की 14 फरवरी को तिथि के अनुसार पहली पुण्यतिथि थी। इस मौके पर बोनी कपूर ने बेटियों जाह्नवी कपूर और खुशी कपूर के साथ मिलकर चेन्नै में विशेष पूजा की। इस दौरान अनिल कपूर और संजय कपूर भी परिवार के साथ मौजूद रहे थे। श्रीदेवी कपूर परिवार के सभी सदस्यों के साथ स्पेशल बॉन्ड रखती थीं। सोनम कपूर ने हाल ही में अपने और श्रीदेवी से जुड़ी एक प्यारी याद शेयर की।

सोनम ने बताया कि श्रीदेवी एक बेहतरीन अदाकारा थीं। उन्होंने कहा कि श्रीदेवी की फिल्म मिस्टर इंडिया उनकी फेवरिट है। सोनम ने आगे बताया कि जब वह छोटी थीं तो श्रीदेवी उन्हें अपने बेडरूम में टीवी देखने देती थीं। उन्होंने एक बार वहां पर फिल्म हम है राही प्यार के देखी थी।

बता दें कि, बॉलिवुड की दिग्गज अदाकार श्रीदेवी की 24 फरवरी 2018 को दुबई के एक होटल में एक्सिडेंटल ड्राउनिंग के कारण मौत हो गई थी। उनके यूं अचानक दुनिया से चले जाने से एक्ट्रेस के परिवार के साथ ही फैन्स भी शॉक्ड रह गए थे।

खासतौर से ऐक्ट्रेस के पति बोनी कपूर और बेटियां खुशी व जाह्नवी सदमे में चले गए थे।